# प्रबंधन अध्ययन विभाग, भूतपुर्व छात्र सम्मेलन 2024

दिनांक 27.04.2024 को गुरूघासीदास विश्वविद्यालय के रजत जयंती सभागार में प्रबंधन अध्ययन विभाग द्वारा एम.बी.ए. के भूतपुर्व छात्र सम्मेलन , एलुमनी मीट 2024 का आयोजन दो सत्रों में किया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष विश्वविद्यालय के कुलपति माननीय प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल के कुशल नेतृत्व में नैक द्वारा A++ ग्रेडिंग प्रदान की गई है, जिसने आयोजन के हर्ष को दुगुना कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति महोदय द्वारा किया गया, माननीय कुलपति महोदय ने सम्मेलन को संबोधित करते कहा कि प्रबंधन की शिक्षा सिर्फ कक्षाओं तक सीमित न होकर व्यवहारिक भी होना चाहिए,जिसके लिए छात्रों को कक्षा से बाहर जाने की आवश्यकता है। कुलपति महोदय ने उद्यमिता के क्षेत्र एवं उसके अवसरों के लाभ एवं भुमिका को भी प्राथमिकता देने की बात कही। स्वागत उद्बोधन प्रबंधन विभाग के प्रमुख प्रो. बी.डी.मिश्रा द्वारा दिया गया। तत्पश्चात् जी.जी.यू. मैनेजमेंट एलुमनी संघ के सलाहकार प्रो. संजय पाण्डेय द्वारा छात्रों को संबोधित कर एलुमनी सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसी श्रृंखला में जी.जी..यू . मैनेजमेंट एलुमनी संघ के अध्यक्ष डॉ. विवेक बाजपेयी द्वारा बहुत ही महत्वपुर्ण बिंदु पर न केवल प्रकाश डाला गया अपितु इस बात की भी अपिल की गई कि B++ से A++ नैक ग्रेडिंग की सीढ़ी चढ़ाने वाले मार्गदर्शक गुरूघासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति माननीय प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल जी पर एक केस स्टडी अश्वय की जानी चाहिए। प्रबंधन एवं वाणिज्य संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो.ए.के.मिश्रा ने भी छात्रों को उर्जावान संबोधन दिया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. ए.एस. रणदिवे ने सम्मेलन के मुल बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए संबोधित किया। जी.जी..यू . मैनेजमेंट एलुमनी संघ के सचिव डॉ. अजय श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर प्रथम सत्र का समापन किया गया। द्वितीय सत्र में सामुहिक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसका मुख्य विषय "भूतपुर्व छात्रों के द्वारा वर्तमान छात्रों के समक्ष आने वाले भविष्य के प्रबंधन संबंधी नये आयाग एवं चुनौतियों को समझने के नये दृष्टिकोण साझा किया जाना था। "भूतपुर्व छात्रों के द्वारा एम.बी.ए.की कक्षा के लिए विभाग को एक ए.सी. प्रदान किया गया। तत्पश्चात् विभिन्न सत्रों में उत्तीर्ण पूर्व छात्रों ने भी वर्तमान छात्रों को संबोधित कर अपने–अपने अनुभव साझा किये। वर्तमान छात्रों द्वारा पूर्व छात्रों के लिये सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।कार्यक्रम का संचालन श्री सचिन विश्वकर्मा एवं डॉ. बॉबी बी.पाण्डेय द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रो. हरीश कुमार, एवं शिक्षकगण डॉ. एस.एम. दास, डॉ. चंद्रावती निराला, डॉ.पी.एस. द्विवेदी तथा डॉ. नेहा गैकड़वाड़ की उपस्थिति एवं सहयोग रहा। छात्रों में शुंभाकर बाटवे, मनीष साहु, प्रतीक्षा सिंह पल्लवी भारतीय आदि की भागीदारी रही।

इस प्रकार के आयोजनों से भूतपूर्व छात्र जिन्होंने न केवल व्यवसाय एवं प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों में अपना नाम दिया है, बल्कि जीवन के विभिन्न अनुभवों में भी उतने सफल रहे हैं, उनकी उपस्थिति एवं सहयोग से वर्तमान छात्रों को न वर्तमान की चुनैतियों से लड़ने की बल्कि आने वाल भविष्य के नये आयामों को गढ़ने की भी प्रेरणा मिलती है।

15/05/2024

अध्यक्ष
HEAD
प्रबन्ध अध्ययन विभाग
Department of Management Studies
गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
Bilaspur (Chhattisgarh)

15/05/24